# मुख्य तथ्य

1. ``अनुसूचित वाणिज्य बैकों की जमाराशियां एवं ऋण की तिमाही सांख्यिकी - मार्च 2007'' मार्च 31, 2007 की स्थिति के अनुसार अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की कुल जमाराशियों और सकल बैंक ऋण पर आँकड़े दर्शाती है। ये आँकड़े मूलभूत-सांख्यिकीय विवरणियों (बीएस्आर)-7 पर आधारित होते हैं जिसे अनुसूचित वाणिज्य बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक सम्मिलित) की सभी शाखाओं से प्राप्त किया जाता है। इस तिमाही में 8 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का विलय 2 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के रुप में हुआ जिससे क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की कुल संख्या दिसंबर 2006 तिमाही के अंत में 102 से कम होकर मार्च 2007 तिमाही के अंत में 96 हुई।

2. अनुसूचित वाणिज्य बैंकों ने जिन बैंक सुविधायुक्त केन्द्रों को सेवा दी उनकी संख्या 34,399 रही। इन केन्द्रों में से 28,812 एकल कार्यालय केंद्र (सिंगल ऑफिस सेंटर्स) थे और 48 केंद्र ऐसे थे जिनके बैंक कार्यालय 100 और इससे अधिक थे।

3. 34,399 बैंक सुविधायुक्त केंद्रों में से जमाराशियों के अनुसार क्रम में रखे गये शीर्ष सौ केंद्रों की जमाराशि कुल जमाराशि का 68.9 प्रतिशत और बैंक ऋण के हिसाब से शीर्ष सौ केंद्रों का बैंक ऋण कुल बैंक ऋण का 77.4 प्रतिशत था। मार्च 2006 में शीर्ष सौ केंद्रों का योगदान कुल जमाराशी में 67.0 प्रतिशत और सकल बैंक ऋण में 76.5 प्रतिशत था। मार्च 2007 में शीर्ष सौ केंद्रों की कुल जमा राशि में पिछले वर्ष से 27.7 प्रतिशत की बढोतरी हुई, जबकि मार्च 2006 में वही बढोतरी 22.4 प्रतिशत थी। शीर्ष सौ केंद्रों के सकल बैंक ऋण में मार्च 2007 में 30.0 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर दर्ज हुई। यह वृद्धि मार्च 2006 में 31.6 प्रतिशत रही।

4. समूह के रूप में राष्ट्रीयकृत बैंकों ने कुल जमा राशियों में 48.4 प्रतिशत का योगदान दिया, जबकि भारतीय स्टैंट बैंक और इसके सहयोगी बैंकों का योगदान 22.3 प्रतिशत का रहा। अन्य अनुसूचित वाणिज्य बैंकों, विदेशी बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का कुल जमा राशियों में क्रमशः 20.6 प्रतिशत, 5.6 प्रतिशत और 3.2 प्रतिशत का हिस्सा रहा। सकल बैंक ऋण के संदर्भ में कुल बैंक ऋण में सर्वाधिक 47.5 प्रतिशत हिस्सा राष्ट्रीयकृत बैंकों का रहा, जबकि इसके ठीक पीछे भारतीय स्टैंट बैंक और इसके सहयोगी बैंक 23.2 प्रतिशत और अन्य अनुसूचित वाणिज्यि बैंक 20.3 प्रतिशत रहे। तुलनात्मक रुप से विदेशी बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का कुल बैंक ऋण में हिस्सा कम रहा - क्रमशः 6.6 प्रतिशत और 2.5 प्रतिशत।

5. अखिल भारतीय स्तर पर मार्च 31, 2007 की स्थिति के अनुसार अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के ऋण और जमा राशियों (सी-डी) का अनुपात 75.0 प्रतिशत रहा। राज्यों / संघशासित क्षेत्रों में सर्वाधिक सी-डी का अनुपात तमिलनाडु (112.3 प्रतिशत) में देखा गया, जबकि इसके बाद महाराष्ट्र (98.0 प्रतिशत) का स्थान रहा। बैंक समूह स्तर पर सी-डी अनुपात अखिल भारतीय अनुपात की तुलना में विदेशी बैंकों (87.5 प्रतिशत), भारतीय स्टैंट बैंक और उसके सहयोगी बैंकों (78.2 प्रतिशत) में अधिक रहा और अन्य अनुसूचित वाणिज्य बैंकों (74.1 प्रतिशत), राष्ट्रीयकृत बैंकों (73.5 प्रतिशत) और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (58.7 प्रतिशत) के मामले में कम रहा। जनसंख्या समूह के अनुसार अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की ऋण-जमाराशि (सी-डी) अनुपात में महानगर (मेट्रोपोलिटन) केंद्रों का सी-डी अनुपात सर्वाधिक 88.7 प्रतिशत रहा। ग्रामीण केंद्रों (60.0 प्रतिशत) और

शहरी केंद्रों (59.5 प्रतिशत) का स्थान उसके बाद रहा और अर्धशहरी केंद्रों में 53.2 प्रतिशत का निम्नतम सी-डी अनुपात देखा गया।

6. जमा राशियों के आकार के अनुसार अनुसूचित वाणिज्य बैंक कार्यालयों के वितरण को देखने से यह पता चलता है कि कुल बैंक कार्यालयों में 55.2 प्रतिशत बैंक कार्यालय 10 करोड़ रुपये या इससे अधिक की जमा राशियों वाले थे। कुल जमा राशियों में इन बैंक कार्यालयों का योगदान 94.0 प्रतिशत और कुल बैंक ऋण में 90.5 प्रतिशत रहा। जिन कार्यालयों ने 10 करोड़ रुपये या अधिक का ऋण दिया उनका प्रतिशत 32.4 रहा। समग्र रुप में इन कार्यालयों ने कुल बैंक ऋण का 90.0 प्रतिशत दिया, जबकि कुल जमा राशियों में उनका हिस्सा 73.6 प्रतिशत रहा।

# HIGHLIGHTS

1. "Quarterly Statistics on Deposits and Credit of Scheduled Commercial Banks – March 2007" provides data on aggregate deposits and gross bank credit of scheduled commercial banks as on March 31, 2007. The data are based on Basic Statistical Return-7, received from the branches of all scheduled commercial banks (including Regional Rural Banks). During this quarter, there was amalgamation of 8 Regional Rural Banks (RRBs) into 2 RRBs leading to reduction in number of RRBs from 102 as at quarter-end December 2006 to 96 as at quarter-end March 2007.

2. The number of banked centres served by scheduled commercial banks stood at 34,399. Of these centres, 28,812 were single office centres and 48 centers had 100 and more bank offices.

3. The top hundred centers, out of 34,399 banked centers, arranged according to the size of deposits accounted for 68.9 per cent of the total deposits and the top hundred centres arranged according to the size of bank credit accounted for 77.4 per cent of total bank credit. In March 2006, the corresponding shares of top hundred centers in aggregate deposits and gross bank credit were 67.0 per cent and 76.5 per cent respectively. Aggregate deposits of top hundred centres grew at 27.7 per cent in March 2007 over March 2006 compared to 22.4 per cent growth recorded a year ago. Growth rate of gross bank credit of top hundred centres was at 30.0 per cent in March 2007 over March 2006, compared to 31.6 per cent growth recorded in March 2006.

4. Nationalised Banks, as a group, accounted for 48.4 per cent of the aggregate deposits, while State Bank of India and its Associates accounted for 22.3 per cent. The shares of Other Scheduled Commercial Banks, Foreign Banks and Regional Rural Banks in aggregate deposits were 20.6 per cent, 5.6 per cent and 3.2 per cent, respectively. As regards gross bank credit, Nationalised Banks held the maximum share of 47.5 per cent in the total bank credit followed by State Bank of India and its Associates at 23.2 per cent and Other Scheduled Commercial Banks at 20.3 per cent. Foreign Banks and Regional Rural Banks had relatively lower shares in the total bank credit at 6.6 per cent and 2.5 per cent, respectively.

5. At the all–India level, the credit-deposit (C-D) ratio of all scheduled commercial banks as on March 31, 2007 stood at 75.0 per cent. Among the States/Union Territories, the highest C-D ratio was observed in Tamil Nadu (112.3 per cent) followed by Maharashtra (98.0 per cent). At the bank group level, the C-D ratio was above the all-India ratio in respect of Foreign Banks (87.5 per cent), State Bank of India and its Associates (78.2 per cent) and was lower for Other Scheduled Commercial Banks (74.1 per cent), Nationalised Banks (73.5 per

cent) and Regional Rural Banks (58.7 per cent). As regards population group-wise C-D ratio of all scheduled commercial banks, metropolitan centres had the highest C-D ratio at 88.7 per cent, followed by rural centers (60.0 per cent) and urban centers (59.5 per cent). The semi urban centres recorded the lowest C-D ratio at 53.2 per cent.

6. It is observed from the distribution of scheduled commercial bank offices by size of deposits, that the offices with deposits of Rs.10 crore or more, accounted for 55.2 per cent of the bank offices with a share of 94.0 per cent in aggregate deposits and 90.5 per cent in total bank credit. The offices, which extended the credit of Rs.10 crore or more, accounted for 32.4 per cent in terms of total number of offices. These offices together accounted for 90.0 per cent of total bank credit whereas their share in aggregate deposits was 73.6 per cent.